# शहरवासियों ने पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि



पुलवामा शहीदों को यज्ञ कर श्रद्धांजलि देते आर्य।



प्रस्तुति देते एनसीसी कैडेट्स

**जोधपुर @ पत्रिका.** तीन वर्ष पूर्व श्रीनगर में आतंकी हमले में देश की सी आर पी एफ बटालियन के 44 सैनिक शहीदों को सरदारपुरा के गोल बिल्डिंग चौराहे पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक कल्याण परिषद के राष्ट्रीय मंत्री कैप्टन उम्मेद सिंह राठौड़ ने कहा कि पुलवामा हमला जैसी कायराना हरकत के बाद हमारी वीर सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक कर दुनिया के साथ हर आतंकी व उनको पनाह देने वालों को अपने शौर्यता का परिचय कराया। बजरंग दल सह संयोजक तरुण सोतवाल ने बताया कि पुष्पांजलि कार्यक्रम में विहिप प्रान्त अध्यक्ष डॉ राम गोयल, नगर संघ चालक नंदलाल भाटी, महेंद्र

## आर्य वीर दल व आर्य वीरांगना दल

आर्य वीर दल व आर्य वीरांगना दल के तत्वावधान में सोमवार को गौरव पथ रोड स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि समारोह हुआ। इस दौरान देव यज्ञ कर पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि नगर निगम दक्षिण प्रतिपक्ष नेता गणपतसिंह चौहान, वीरांगना दल की संयोजक हिमांशी आर्य आदि अनेक लोगों ने पुलवामा शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। यज्ञ का संचालन हरीसिंह आर्य ने किया।

## एनसीसी कैडेट्स ने दी श्रद्धांजलि

ऐश्वर्या कॉलेज में 3 राज और 4 राज एनसीसी कैडेट्स की ओर से पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। एनसीसी अधिकारी डॉ राजेश चौधरी व हेमलता नाथावत ने बताया कि कॉलेज की 3 राज गर्ल्स बटालियन तथा 4 राज एयरविंग स्क्वाड्रन के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। कैडेट पुलवामा घटना की प्रस्तुति दी। इस कड़ी में कैडेट्स ने देशभक्ति गीत और नृत्य, पुलवामा हमले का वृतान्त प्रस्तुत करती नाटिका, देशभक्ति कविताएं प्रस्तुत की। प्राचार्य डॉ ऋषि नेपालिया ने एनसीसी अधिकारियों की सराहना की।

देश के वीर जवानों ने अपना बलिदान दिया उनकी याद में सोसायटी के सदस्य उमेश सोनी, सचिन सोनी व नितेश सोनी तीनों सगे भाइयों ने उम्मेद अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान कर पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## फैशन डिजाइन इंस्टीट्यूट आईनिफ्ड

शहर के फैशन डिजाइन इंस्टीट्यूट आईनिफ्ड के विद्यार्थियों ने पुलवामाा हमले की बरसी के अवसर पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आईनिफ्ड के निदेशक नवीन मोहनोत ने

दैनिक भास्कर
जोधपुर 15-02-2022

# पुलवामा का दर्द और वो निशां फिर हुए हरे उन्हें नमन जिन्होंने देश की खातिर शीश धरे

## देश पर मर मिटने वालों को शहरवासियों ने रक्तदान, मौन रख, पुष्पांजलि दे किया नमन

सिटी रिपोर्ट | जोधपुर



विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल महानगर



ऐश्वर्या कॉलेज



ग्लोबल रिलीफ सोसायटी

सुत मरियो हित देस रहे, हरख्यौ बंधु समाज, मां न हरखी जनम दे, जतरी हरखी आज....देश पर मर मिटने वाले जवानों की याद में शहरवासियों ने रक्तदान, पुष्पांजलि और मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वेलेंटाइन डे पर इन शहीदों को नमन किया गया। अवसर था पुलवामा हमले की तीसरी बरसी...। 40 सीआरपीएफ जवानों की शहादत को शहरवासी अभी भूले नहीं हैं। वे दर्द व निशां अभी भी हरे हैं।

▪ विश्व हिंदू सेवा संघ के प्रदेश कार्यालय में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। प्रदेश अध्यक्ष रोहित शर्मा, प्रकृति सधनानी, वंदिता डागा, मुकेश भक्तानी, विक्रम सिंह आदि मौजूद थे।

▪ ग्लोबल रिलीफ सोसायटी के सदस्यों ने रक्तदान कर वीर सपूतों को याद किया। सोसायटी अध्यक्ष शिवकुमार सोनी ने बताया कि तीनों भाइयों उमेश सोनी, सचिन सोनी व नितेश सोनी ने उम्मेद अस्पताल में रक्तदान किया।

▪ प्रतापनगर स्थित ऋषि फिटनेस सेंटर में शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। नौशाद अंसारी, गौरव, सोनू, समीर, अभिषेक, हिमांशु आदि ने शहीदों का स्मरण किया।

▪ ऐश्वर्या कॉलेज में 3 राज और 4 राज एनसीसी कैडेट्स ने शहीदों को नमन किया। निदेशक भूपेंद्र सिंह राठौड़, प्राचार्य डॉ. ऋषि नेपालिया, डॉ. राजेश चौधरी, हेमलता नाथावत ने पुलवामा पर विचार व्यक्त किए। इषिता, निखिल, दीपिका, नेहा आदि मौजूद थे। संचालन बसंत कल्ला ने किया।

▪ मां भटियाणी पुत्र संगठन ने करणी कोट में मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन रखा। विमल बंजारा, ओमप्रकाश जांगू, जसवंत पंवार आदि मौजूद थे।

▪ शांतिप्रिय नगर स्थित संस्कार महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. संतोष गौड़ व वीणा दुबे ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दो मिनट का मौन रखा।

▪ आर्य वीर दल व आर्य वीरांगना दल ने गौरव पथ रोड स्थित शहीद स्मारक पर यज्ञ कर शहीदों को नमन किया। गणपत सिंह चौहान, हिमांशी आर्य, महेंद्रसिंह, भंवरलाल हटवाल, नारायण सिंह, चांदमल, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद थे। संचालन हरि सिंह ने किया।

▪ लघु उद्योग भारती ने मोमबत्ती जलाकर वीर सपूतों को नमन किया। घनश्याम ओझा, अनिल अग्रवाल, महावीर चौपड़ा आदि मौजूद थे। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महानगर ने पुष्पांजलि दी। कैप्टन उम्मेद सिंह राठौड़, तरुण सोतवाल, डॉ. राम गोयल आदि मौजूद थे।